# भारत-फिजी संबंध

स्रोत: PIB

**फिजी के प्रधानमंत्री** ने अपनी **तीन दिवसीय भारत यात्रा** के दौरान, भारत के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने हेतु वार्ता की।

- भारत ने फिजी की सेना के लिये प्रशिक्षण, उपकरण और क्षमता निर्माण उपलब्ध कराने; **संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों**, सैन्य चिकित्सा, **श्वेत शिपिंग सूचना का आदान-प्रदान और साइबर सुरक्षा** पर सहयोग करने पर सहमति जताई।
- समझौतों में **100 बेड वाला सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल,** जन औषधि, ***??? ?? ???????***, **ई-संजीवनी** के तहत **टेलीमेडिसिन** शामिल हैं।
  - **हिंदी-संस्कृत अध्ययन, गिरमिटिया (भारतीय अनुबंधित श्रमिक)** की मान्यता, खेल, पेशेवर/छात्र गतिशीलता पर विशेष ध्यान दिया गया।
- **इंडो-पैसिफिक शांति** के लिये संयुक्त दृष्टिकोण, भारत की **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) सदस्यता** का समर्थन, आतंकवाद-रोधी प्रयास, जलवायु कार्रवाई, सतत् विकास, दक्षिण-दक्षिण सहयोग — ये सभी भारत की *????? ????? ??????? और ?????-????????? ?????? ?????????? (IPOI)* को मज़बूत और प्रशांत द्वीप देशों (PICs) में चीनी प्रभाव को संतुलित करते हैं।
- भारत के प्रधानमंत्री ने फिजी के प्रधानमंत्री की '**ओशन ऑफ पीस**' **पहल** की सराहना की, जिसका उद्देश्य **एक स्थिर, सुरक्षित और सतत् इंडो-पैसिफिक** क्षेत्र स्थापित करना है।

## फिजी

- **फिजी** दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित एक **देश** और **द्वीपसमूह है।** यह **प्रशांत द्वीप देशों (Pacific Island Countries – PICs) का हिस्सा है और न्यूज़ीलैंड के ऑकलैंड** के उत्तर में स्थित है। इसमें **300 से अधिक द्वीप** शामिल हैं, जिनमें से लगभग **100 पर जनसंख्या** निवास करती हैं।
- **इसे "विश्व के नरम प्रवालों की राजधानी" (soft coral capital of the world)** के रूप में जाना जाता है। यहाँ **4,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में प्रवाल भित्तियाँ फैली हुई हैं।**
- ऐतिहासिक रूप से, **गन्ना फिजी की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख आर्थिक चालक** रहा है।
- फिजी एक **संसदीय लोकतंत्र है जहाँ स्थानिक फिजी, भारतीय, यूरोपीय और अन्य समुदायों** की विविध आबादी निवास करती है। **दक्षिणी गोलार्द्ध का** सबसे बड़ा हिंदू मंदिर, **श्री शिव सुब्रमण्य स्वामी मंदिर** भी यहीं स्थित है।




**The 14 Pacific Island Countries and Territories**




और पढ़ें: तीसरा FIPIC शिखर सम्मेलन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-fiji-relations